भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2758
उत्तर देने की तारीख-12/08/2026

ओडिशा में मध्याह्न भोजन (पीएम पोषण) योजना का कार्यान्वयन

2758 **श्री शुभाशीष खुंटिया:**
क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है;
(ख) भोजन तैयार करने तथा आपूर्ति करने में लगी कार्यान्वयन एजेंसियों, जिनमें स्वयं सहायता समूह, केंद्रीकृत रसोईघर, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य एजेंसियां शामिल हैं, का ब्यौरा क्या है;
(ग) निर्धारित साप्ताहिक भोजन-सूची क्या है, जिसमें यह ब्यौरा शामिल हो कि शाकाहारी, मांसाहारी तथा अन्य प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ कितने बार दिए जाते हैं, तथा क्या पोषण मानकों का समय-समय पर आकलन किया जाता है; और
(घ) क्या भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा कार्यान्वयन में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु उपाय किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): शिक्षा भारत के संविधान की समवर्ती सूची का भाग है और अधिकांश सरकारी स्कूल तथा स्कूल बोर्ड राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के प्रशासन के अधीन आते हैं। पीएम पोषण योजना ओडिशा राज्य सहित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के साथ साझेदारी में लागू की जाती है। ओडिशा सरकार ने सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान ओडिशा राज्य के 50,276 स्कूलों में पीएम पोषण योजना लागू की गई है।

बाल वाटिका (कक्षा 1 से ठीक पहले) तथा सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के कक्षा I से VIII तक पढ़ने वाले सभी बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की होती है। ओडिशा सरकार ने सूचित किया है कि केन्द्रीकृत रसोई एजेंसियां राज्य के 8 जिलों में कार्यरत हैं और 2746

स्कूलों में 289286 छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन प्रदान करती हैं। इसी तरह, 8042 महिला स्वयं सहायता समूह 9034 स्कूलों में 1065413 छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन प्रदान करते हैं।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को निर्धारित पोषण और खाद्य मानदंडों के भीतर स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त मेनू तय करने और बाजरा, सब्जियों, मसालों आदि जैसे स्थानीय रूप से उगाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की खरीद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, ओडिशा सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि ओडिशा राज्य में निर्धारित साप्ताहिक मेनू इस प्रकार है:

दिन	**मेनू (कक्षा I-VIII)**
सोमवार	भाटा और अंडा करी
मंगलवार	भाटा, सोया बड़ी करी और पोषण से भरपूर लड्डू
बुधवार	भाटा और अंडा करी
गुरुवार	भाटा, दालमा और पोषण से भरपूर लड्डू
शुक्रवार	भाटा और अंडा करी
शनिवार	भाटा, सोया बड़ी करी और पोषण से भरपूर लड्डू

तथापि, यदि छात्र अंडा परोसे जाने वाले दिन अंडा नहीं खाने का विकल्प चुनता है तो छात्रों को स्थानीय रूप से उपलब्ध फल प्रदान किए जाते हैं। अंडे के अलावा, पोषण से भरपूर बाजरा आधारित लड्डू भी मंगलवार, गुरुवार और शनिवार के मेनू का भाग हैं।

भारत सरकार ने इस योजना के अंतर्गत अच्छी गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन परोसना सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वच्छता पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये दिशानिर्देश आधिकारिक वेबसाइट https://pmposhan.education.gov.in पर उपलब्ध हैं।

*****